दीवाने श्री राम के दीवाने

दुनिया चले है श्री राम सहारे राम चले बिन अंजनी दुलारे,
राम नाम जापे हनुमात प्यारे,
दीवाने श्री राम के दीवाने बाला जी श्री राम के दीवाने,

मात सिया की सूद लेकर आये,
लाये संजीवन लक्ष्मण को बचाये,
राम सिया के जा मन को भाये,
दीवाने श्री राम के दीवाने बाला जी श्री राम के दीवाने,

शिव का अवतारी ये तो जग से निराला है,
हरदम जपे को राम नाम की माला है,
अन्धो को देवे आँखे कोडन को देता काया,
गूंगे को देवे बोली निर्धन को देता माया,
करता सहाई जो भी उनको पुकारे,
दीवाने श्री राम के दीवाने बाला जी श्री राम के दीवाने,

राम सिया का ये तो गुण सदा गाये है,
देखो सिंदूर सारे तन में रमाये है,
जो भी दर इन के आये कभी वो दुःख ना पावे,
झोलियाँ भर भर जाए खली कोई न जाए,
बिगड़ी सभी की हनुमत सवारे,
दीवाने श्री राम के दीवाने बाला जी श्री राम के दीवाने,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8128/title/diwane-shri-ram-ke-diwane-hai-bala-ji-shri-ram-ke-diwane-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |